हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 71 देहरादून, बुधवार, 04 सितंबर, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



सीएम धामी जम्मू-कश्मीर में करेंगे चुनाव प्रचार 3

# कृषि और औद्यानिकी पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाएं : मुख्यमंत्री धामी

## सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कृषि और उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में किसानों की आर्थिकी को और तेजी से बढ़ाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक पैकेज के रूप में मिले। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ किसानों को मिले इसके लिए राज्य और जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि पॉलीहाउस के निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए पॉलीहाउस योजना सहायक सिद्ध होगी, इनके निर्माण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक साल के लिए निर्धारित लक्ष्य के हिसाब से राज्य में पॉलीहाउस का निर्माण किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण योजना से किसानों को लाभान्वित किया जाए। इस योजना के तहत अनेक कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। फार्म मशीनरी बैंक योजना से किसानों को तेजी से जोड़ने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को फार्म मशीनरी बैंक योजना से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मिलेट को बढ़ावा देने के लिये और कारगर प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये कृषि क्षेत्र बढ़ाने के साथ उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक साल का एक्शन प्लान बनाया जाए। उत्पादों की वैल्यू एडिशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य में प्राकृतिक खेती को और बढ़ावा देने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये।

- ■ राज्य में पॉलीहाउस के निर्माण में लाई जाए तेजी
- ■ राज्य में प्राकृतिक खेती को दिया जाए बढ़ावा

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी गई कि महिलाओं की आर्थिकी को बढ़ाने के लिए अभी तक 28 महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी योजना से जोड़ गया है, इस वर्ष इस योजना से 280 महिलाओं को जोड़ा जायेगा। स्टैट मिलेट मिशन नीति के तहत वर्तमान में 01 हजार महिलाओं के समूह गठित किये गये हैं, 2025 तक इन समूहों की संख्या 03 हजार करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 05 हजार महिला कृषकों को स्वरोजगार के लिए जैविक खेती प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। चाय उत्पादन और संगंध कृषि एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा रही है।

आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए कृषि और उद्यान के क्षेत्र में ई- सुविधा की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में कृषि और औद्यानिकी के क्षेत्र में अनेक नवाचार किये जा रहे हैं। राज्य में 'तिमरू द उत्तराखण्ड' परफ्यूम लॉच किया गया है जिसकी प्रधानमंत्री ने भी सराहना की। राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि इौर औद्यानिकी का वार्षिक कलेण्डर भी जारी किया गया है। 2027 तक राज्य में 23342 पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 8500 पॉलीहाउस बनाये गये हैं। बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, आनंद स्वरूप, दीप्ति सिंह, निदेशक सगंध पौध केन्द्र नृपेन्द्र चौहान एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सदस्यता अभियान में पहले सदस्य बने सीएम धामी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 सितंबर , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2 सितंबर को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही देश भर में बीजेपी का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। उत्तराखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रदेश में सबसे पहले सदस्यता दिलाकर अभियान की शुरुआत की।

30 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

सीएम धामी के बाद सरकार के मंत्रियों, संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही प्रदेश भर में आज से बीजेपी का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 30 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 साल के अंतराल में संगठन पर्व के मौके पर पार्टी का विस्तार करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाता है। इसके लिए प्रदेश भर में बूथ स्तर तक पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए हम गांव-गांव घर तक पहुंचेंगे और सदस्य जोड़ेंगे।

सीएम धामी ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के "संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024" के अंतर्गत उत्तराखण्ड भाजपा के प्रथम सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया। उन्होंने कहा कि आप सभी से आग्रह है कि टोल-फ्री नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर अथवा नमो ऐप के माध्यम से विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा के सदस्य बनें।

## कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने ली भाजपा की सदस्यता



देहरादून । प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को बालवीर रोड स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसके सर्वाधिक सदस्य हैं। भाजपा संगठन में एकता, सद्भाव, सामंजस्य, संगठनात्मक सूझबूझ और अंतिम पायदान पर कार्य कर रहे कार्यकर्ता का सम्मान सहित अनेक ऐसे कारण हैं जो भाजपा के विस्तार का प्रमुख कारण है। श्री महाराज ने कहा कि केंद्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार हो चाहे प्रदेश में भाजपा की पुष्कर सिंह धामी सरकार दोनों ही सरकारें विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

# उत्तराखंड : CRC और BRC के 955 पदों पर होगी भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 सितम्बर : शिक्षा विभाग के अंतर्गत ब्लॉक रिसोर्स पर्सन और संकुल रिसोर्स पर्सन की भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू होने वाली है। पहले यह मामला हाईकोर्ट पहुंचने के कारण ठंडे बस्ते में चला गया था, लेकिन अब कोर्ट ने निर्देश दिया है कि शिक्षा विभाग जल्द ही रिक्त पदों को भरे।

शिक्षा विभाग से उत्तराखंड में युवाओं के लिए अछि खबर आई है। समग्र शिक्षा के तहत खाली पदों पर होने वाली सीआरसी और बीआरसी की भर्ती का रास्ता अब साफ हो गया है। यह भर्ती पहले कानूनी अड़चनों के कारण रुकी हुई थी और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। लेकिन अब हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं, जिससे 955 पदों पर भर्ती जल्द शुरू हो सकेगी।शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार के उद्देश्य से समग्र शिक्षा के अंतर्गत ये पद भरे जाने हैं, जो आउटसोर्सिंग के माध्यम से किए जाएंगे। जैम के माध्यम से आउटसोर्स कंपनी का चयन पहले ही हो चुका है, हालांकि एक अन्य कंपनी ने इसे चुनौती दी थी जिससे प्रक्रिया रुक गई थी। अब हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। बीआरसी और सीआरसी पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष रखी गई है, जबकि सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष है। इन पदों के लिए B.Ed के साथ CTET (सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट) भी अनिवार्य है।




# यहां है दुनिया का सबसे छोटा एयरपोर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 04 सितम्बर : एक समय था, जब लोगों के लिए एक जगह से दूसरी जगह तक यात्रा करना भी एक लग्ज़री होती थी. खासतौर पर अगर कोई हवाई जहाज से कहीं जाता था, तो ये शान की बात होती थी. हालांकि वक्त बदलने के साथ ही हुआ कुछ यूं कि लोगों के लिए ये सब कुछ सामान्य सा होता चला गया. हालांकि आज भी एक ऐसा एयरपोर्ट है, जो लग्ज़री यात्रा तो सफर करता है लेकिन एयरपोर्ट पर ऐसा कुछ भी नहीं है।

एयरपोर्ट का नाम लेते ही ऐसी लग्ज़री वाली फीलिंग आती है. यहां चेक इन करने के बाद से ऐसी हाई क्लास सुविधाएं मिलती हैं कि इंसान का इंतज़ार भी एक हैप्पी ट्रिप में बदल जाता है. हालांकि दुनिया में एक ऐसा भी एयरपोर्ट है, जो आम हवाई अड्डों से बिल्कुल अलग है. यहां लग्ज़री जैसा कुछ भी नहीं है. चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोलंबिया के अगुआचिका नाम की जगह पर हैकारिटैमा एयरपोर्ट है, जो दुनिया भर में अपने कम जगह में बने होने की वजह से मशहूर है. इस एयरपोर्ट पर सिर्फ दो वेटिंग एरिया हैं – एक जब आप यहां पहुंचते हैं और दूसरा जहां आपका सामान चेक होता है. सोशल मीडिया पर एक लड़की ने यहां की तस्वीरें शेयर कीं. उसने बताया कि यहां पर सामान चेक करने के लिए कोई स्कैनर नहीं है, बल्कि इसे मैनुअली चेक किया जाता है. दरअसल यहां स्कैनर मशीन की जगह ही नहीं है. जब लोग एयरपोर्ट पर आते हैं, तो उन्हें धूप में ही लाइन लगाकर इंतज़ार करना पड़ता है। यहां पर इंतज़ार करने के लिए कोई आलीशान वेटिंग रूम नहीं है, बल्कि लोग आम के पेड़ के नीचे बनी बेंच पर इंतज़ार करते हैं. पुरुषों और महिलाओं के लिए एक-एक वेटिंग रूम है. चूंकि यहां सिर्फ 48 पैसेंजर ही होते हैं, इसलिए ये साफ-सुथरा होते हैं. प्लेन भले ही यहां पर छोटी ही हो, लेकिन सीटें काफी आरामदेह होती हैं. आपको अपना सामान डेस्टिनेशन पर लेने के लिए एक टिकट दिया जाता है, जिसे दिखाना होता है।



# सहारनपुर में स्थित है सबसे 'पवित्र गांव', 700 साल से किसी ने नहीं पी शराब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 04 सितम्बर : हमारे देश में कई गांव हैं. सभी गांव की अपनी एक अलग पहचान है. कोई गांव फसल से पहचान बनाता है, तो कई गांव ऐसे हैं, जो अपने नियम कायदों से. आज हम आपको यूपी के एक ऐसे ही गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे जानने के बाद आप पूरी तरह से हैरान हो जाएंगे. दरअसल, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक ऐसा गांव स्थिति है, जहां 700 साल से यहां के निवासियों ने न शराब का सेवन किया है, और ना ही मांस-मछली का. इस गांव के रहने वाले लोग प्याज और लहसून का भी सेवन नहीं करते हैं. इस गांव का नाम एशिया बुक ऑफ रिकार्डस में भी दर्ज है. आगे जानिए इस गांव से जुड़ी खास बातें...

यह हांव सहारनपुर में स्थित है. इसका नाम मिरगपुर है. यहां की आबादी लगभग 10 हजार है. इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बाद भी यहां न तो कोई शराब पीता है और न ही कोई नॉनवेज खाता है.सबसे हैरान कर देने वाली बात ये है कि यहां के लोग न तो प्याज खाते हैं और ना ही लहसून. ना यहां बीड़ी पीते हैं और ना ही सिगरेट।

मिरगपुर गांव में लहसुन-प्याज, बीड़ी-सिगरेट, तंबाकू, शराब-नॉनवेज सहित 26 चीजों के खाने-पीने पर प्रतिबंध है. अपनी इसी विशेषता के चलते इस गांव का नाम पहले इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस में दर्ज हुआ और हाल ही एशिया बुक ऑफ रिकार्डस में भी इसका नाम दर्ज हो चुका है. जिला प्रशासन ने मिरगपुर का नाम नशामुक्त गांव के रूप में घोषित किया हुआ है.जानकारी के मुताबिक, यहां के निवासी बताते हैं कि 17वीं शताब्दी में यहां राजस्थान के पुष्कर से एक सिद्ध पुरुष बाबा फकीरदास आए थे. यहां उन्होंने तपस्या की और लोगों से ये वचन लिया कि वे कभी मांस-मदिरा का सेवन नहीं करेंगे. तभी ये परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है.गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं की 700 साल पहले यहां एक संत बाबा फकीरा दास आए थे और उन्होंने यहीं गांव में अपना ठिकाना बना लिया था. तभी उन्होंने गांव वालों के पूर्वजों को नशा, मांसाहार और लहसुन प्याज के सेवन से दूर रहने की शिक्षा दी थी.

तब से मिरगपुर गांव के निवासी इस परंपरा का निर्वहन निरंतर करते चले आ रहे हैं.वे बताते हैं की कुछ लोगों ने इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश भी की लेकिन उन लोगों को काफी भारी नुकसान उठाना पड़ा था. आधुनिकता के इस दौर में जब युवा अपने जीवन को नशे की लत में डूबते चले आ रहे हैं तो ऐसे में यह गांव अपने आप में एक मिसाल बना हुआ है.



## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिबंधित पॉलीथीन की बिक्री और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चला अभियान

ऋषिकेश। नगर निगम की टीम ने मंगलवार को प्रतिबंधित पॉलीथीन की बिक्री और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान देहरादून रोड और संयुक्त यात्रा बस अड्डा मार्ग अभियान में सात दुकानदारों का चालान किया गया। 7,800 रूपये का जुर्माना भी वसूला गया। इनमें पॉलीथीन की बिक्री पर तीन दुकानदारों का दो-दो हजार रूपये के तीन चालान। जबकि, गंदगी पर अन्य चालान किए गए। चेकिंग में सफाई निरीक्षक अमित नेगी, सुभाष सेमवाल, पर्यावरण पर्यवेक्षक विनोद भारती, संजीव कुमार, रोहित आदि शामिल रहे।

### हरितालिका तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया

ऋषिकेश। गोर्खाली महिलाओं ने छिद्दरवाला में हरितालिका तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया। महोत्सव में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। मंगलवार को छिद्दरवाला में आयोजित गोर्खाली महिला हरितालिका तीज महोत्सव का शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि हरितालिका तीज का विशेष महत्व है और गोर्खाली समाज की महिलाओं को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है। यह व्रत भगवान शिव और पार्वती को समर्पित है। मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, अध्यक्ष गोर्खाली सभा केके थापा, अध्यक्ष मंदिर समिति दिल बहादुर खत्री, अध्यक्ष प्रधान संगठन सोबन कैंतुरा, प्रधान चंद्रमोहन पोखरियाल, भगवान सिंह मेहर, बलविंदर सिंह, धीरज थापा, आनंद भंडारी, हरीश कक्कड़, विमला नैथानी, समा पंवार, अनिता राणा, आरती थापा, पूर्णिमा ठकुरी सहित सैकड़ो की संख्या में गोरखाली समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

### एम्स के डॉक्टरों ने बच्चों को किया सम्मानित

ऋषिकेश। जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत एम्स ऋषिकेश के डाक्टरों ने मंगलवार को कुछ बच्चों के साथ न केवल अपनी मुस्कुराहट बांटी बल्कि उन्हें खेल-खिलौने देकर पुरस्कृत भी किया। ये सभी वो बच्चे हैं, जिन्हें जन्मजात दिल की बीमारियां थीं और एम्स के सीटीवीएस विभाग में इलाज होने के बाद अब वह खुशनुमा स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं। एम्स में हृदय, छाती एवं रक्त वाहिनी शल्य चिकित्सा विभाग (सीटीवीएस) के अधीन जन्मजात दिल की बीमारियों से ग्रसित छोटे बच्चों का इलाज भी किया जाता है। ठीक होने के बाद अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे ऐसे बच्चों को सीटीवीएस विभाग द्वारा एक कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वो जन्मजात दिल की बीमारियों से ग्रसित बच्चों को बोझ न समझें। बच्चे भगवान का रूप होते हैं। जन्मजात बीमारियों का यदि समय रहते इलाज करवा दिया जाय तो आगे चलकर ऐसे बच्चे भी खुशहाल जीवन जी सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल की जन्मजात बीमारियों वाले बच्चों का एम्स ऋषिकेश में सम्पूर्ण इलाज उपलब्ध है। यह इलाज सरकार की योजना के तहत निःशुल्क किया जाता है। सीटीवीएस विभाग की एडिशनल प्रोफेसर और कार्यक्रम की आयोजन अध्यक्ष डॉ. नम्रता गौर ने बताया कि जन्मजात बीमारियों में शरीर का रंग अचानक नीला पड़ना और दिल मे छेद का होना प्रमुख तौर से शामिल हैं। दोनों ही बीमारियां घातक हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान विभाग द्वारा ऐसे लक्षणों वाले 40 से अधिक बच्चों का इलाज किया जा चुका है। बताया कि ऐसे बच्चों का तीन वर्ष की उम्र से पहले इलाज करवा देना चाहिए अन्यथा इलाज के अभाव में आगे चलकर उनका जीवन खतरे में पड़ सकता है। कार्यक्रम को डीन एकेडेमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल, संस्थान के उप निदेशक (प्रशासन) ले. कर्नल अमित पराशर, सीटीवीएस विभाग के हेड डॉ. अंशुमान दरबारी, डॉ. संतोष कुमार, डज्ञ्. प्रतीक, डॉ. यश श्रीवास्तव और डॉ. दानिश्वर मीणा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. भानु दुग्गल, डॉ. एनके भट्ट, डॉ. रविकान्त, डॉ. शैलेन्द्र हाण्डू, डॉ. प्रशान्त पाटिल, डॉ. वरुण, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. प्रदीप कुमार अग्रवाल सहित कई अन्य विभागों के चिकित्सक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गणेश चतुर्थी को लेकर सजने लगे बाजार


ऋषिकेश। सात सिंतबर से शुरू होने वाली गणेश चतुर्थी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजार में मिट्टी, पीओपी की मूर्तियां दुकानों पर सजने लगी हैं। श्रद्धालु गणेश प्रतिमाएं खरीदने में लग गए हैं। गणेश चतुर्थी आने ही वाली है और भगवान गणेश के भक्तों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस साल 10 दिनों तक चलने वाला यह त्योहार 7 सितंबर से शुरू होकर 17 सितंबर तक चलेगा। बाजार में मिट्टी, पीओपी, आदि की मूर्तियां दुकानों पर सजने लगी हैं। मूर्तिकारों ने गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मूर्तियों पर रंग रोगन से लेकर आकर्षक परिधान चढ़ाये जा रहे है। वहीं बाजार में भी दुकानों पर मूर्तियां सज गईं हैं। ऋषिकेश में नगर निगम के समक्ष हरिद्वार मार्ग, सुभाष चौक, मुखर्जी मार्ग आदि जगहों पर गणेश प्रतिमा की दुकाने लग गई हैं। नगर निगम के समक्ष लगी दुकान के संचालक देहरादून के अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने लगभग सभी मूर्तियां बनाकर तैयार कर ली है और उनके पास 100 रुपए से लेकर 16000 रुपए तक की मूर्तियां उपलब्ध है। कहा कि पिछले सालों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमाओं की मांग बढ़ी है, लेकिन वहीं कुछ ग्राहक मिट्टी की मूर्ति के दाम सुनकर पीओपी की मूर्ति को प्राथमिकता दे रहे है। मिट्टी की मूर्ति हैंडमेड होने के कारण पीओपी की तुलना में महंगी मिलती है।

# शराब की ओवररेटिंग मिले तो दुकान करो सीज़ : मुख्यमंत्री

■ धामी के निर्देश पर शराब के ठेकों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

■ पूरे प्रदेश में 100 से अधिक ठेकों पर प्रशासन और आबकारी विभाग की रेड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून , 4 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रशासन और आबकारी विभाग की टीम ने पूरे प्रदेश में 100 से ज्यादा अधिक शराब की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया है। औचक चले इस अभियान से ठेका संचालकों में हड़कंप की स्थिति बन गयी थी।

लंबे समय से सीएम धामी को प्रदेश में शराब की दुकानों पर ओवररेटिंग और प्रदेश के कई क्षेत्रों में शराब की तस्करी की शिकायतें मिल रही थी, जिस पर सीएम धामी ने प्रशासन और आबकारी विभाग को अभियान चलाते हुए इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। जिस पर टीम ने पिथोरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, ऊधम सिंह नगर, चंपावत, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल जनपद में छापेमारी अभियान चलाया है।

**ओरवरेटिंग की शिकायत सही मिली तो दुकानें होंगी सीज**

सीएम धामी के सख्त निर्देश हैं कि यदि दुकानों पर ओवर रेटिंग की शिकायत सही मिलती है और स्टॉक और बिक्री रजिस्ट्रर मेंटेन नहीं मिलता तो दुकानों को सीज किया जाए। प्रदेश में ओवररेटिंग और शराब की तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टीम को समय-समय पर अभियान चलाने और तस्करी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# सीएम धामी जम्मू-कश्मीर में करेंगे चुनाव प्रचार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 4 सितंबर , उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए जम्मू-कश्मीर का दौरा करने वाले हैं । भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने मुख्यमंत्री को इस आशय का एक पत्र भेजा है। सीएम पुष्कर सिंह धामी तीन दिनों तक राज्य में प्रचार करेंगे। जम्मू-कश्मीर में मतदान तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होगा। मतों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी।

इससे पहले, भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की और नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी इकाई के प्रमुख रविंदर रैना को मैदान में उतारा। भाजपा ने नौशेरा सीट से रविंदर रैना, ईदगाह सीट से आरिफ राजा, लाल चौक सीट से इंजी. एजाज हुसैन, खानसाहिब सीट से डॉ अली मोहम्मद मीर, चरार-ए-शरीफ सीट से जाहिद हुसैन और राजौरी (एसटी) सीट से विबोध गुप्ता को मैदान में उतारा है। 27 अगस्त को भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए 29 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची जारी की ।

# राजभवन में हुआ वित्तीय एवं कर साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। मंगलवार को राजभवन में वित्तीय एवं कर साक्षरता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सहयोग से आयोजित इस सेमिनार में सीए अभिजीत कोलापकर ने उपस्थित लोगों को वित्तीय प्रबंधन और कराधान संबंधित जानकारियां दीं। इस दौरान उन्होंने बैंकिंग प्रणाली और सरकार की ऋण योजनाओं, वित्तीय संकट और इससे निपटने के तरीके, धन प्रबंधन, सेवानिवृत्ति और उत्तराधिकार योजना, बचत और निवेश आदि के बारे में जानकारियां साझा की।

सेमिनार में प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि वित्तीय साक्षरता केवल व्यक्तिगत समृद्धि के लिए ही नहीं, बल्कि समग्र आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए नागरिकों का वित्तीय और कर संबंधी समझ और ज्ञान होना जरूरी है। हम सभी का यह दायित्व है कि हम स्वयं वित्तीय और कर साक्षरता को अपनाएं और साथ ही अपने परिवार, मित्रों और समाज में इसे प्रोत्साहित करें। आज का यह सेमिनार इसी उद्देश्य से आयोजित किया गया

उन्होंने कहा कि हमारे देश में अभी भी बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं, जिन्हें वित्तीय प्रबंधन, निवेश, बचत, और कराधान की जानकारी का अभाव है। इस कारण वे अपनी आय का प्रभावी ढंग से प्रबंधन नहीं कर पाते और न ही वे अपने भविष्य के लिए उचित योजना बना पाते हैं। हमें अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी देनी होगी।

राज्यपाल ने आईसीएआई से कहा कि वे लोगों को इसके लिए जागरूक और उनकी समझ विकसित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों से अच्छी आमदनी कर रहें हैं उन्हें भी इस तरह के प्रशिक्षण और जागरूक करने के प्रयास किए जांए। उन्होंने आईसीएआई से प्रदेश में चल रहे स्टार्टअप, नए उद्यमियों और युवाओं को भी वित्तीय और कर संबंधित जानकारी प्रदान करने का आह्वान किया।

सेमिनार में आईसीएआई के अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक डाक सेवाएं, उत्तराखण्ड सर्कल अनुसूया प्रसाद चमोला, आईसीएआई उत्तराखण्ड की अध्यक्ष सीए तेजिन्दर कौर, सीए सुशील कुमार गोयल सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी और कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### मनोरंजन और आराम के केंद्र पार्क बदहाल

ऋषिकेश। शहर में मनोरंजन और आराम के केंद्र पार्क बदहाल हैं। सौंदर्यीकरण से लेकर मरम्मत के लिए नगर निगम प्रशासन कोई कार्रवाई करता नहीं दिख रहा है, जिससे यहां सैर-सपाटे के लिए पहुंचने वाले स्थानीय लोगों के साथ बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। कई पार्कों में सफाई नहीं होने से कीचड़ जमा है, तो डस्टबिन तक टूटे हुए हैं। कुर्सियों खुद के ही बोझ में झूल रही हैं। मनोरंजन के संसाधन के अभाव में बच्चों ने भी इन पार्कों का रूख करना बंद कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि नगर निगम की आंगन में ही दीनदयाल उपाध्याय पार्क बदहाली पर आंसू बहा रहा है, लेकिन इसी पार्क से चंद कदमों की दूरी पर बैठने वाले निगम के अधिकारियों को यह नहीं दिख रहा है। पार्कों में मरम्मत कार्यों व अन्य संसाधन जुटाने की मांग कई दफा स्थानीय लोग कर चुके हैं, लेकिन इस दिशा में निगम की ओर से कोई कार्रवाई होती नहीं दिखी है। स्थानीय निवासी आकाश नेगी, प्रमिला देवी, अनिल कुमार, विजय रावत आदि ने बताया कि निगम को पार्कों की बदहाली से अवगत कराया गया है। उन्होंने शीघ्र पार्कों की स्थिति सुधारने की मांग की है। निगम क्षेत्र में हैं 31 पार्कः नगर निगम क्षेत्र में आंबेडकर पार्क, इंदिरा बाल उद्यान, उग्रसेन नगर पार्क, ऋषिलोक कॉलोनी पार्क, हनुमंतपुरम पार्क, राजीव गांधी पार्क, दीनदयाल उपाध्याय पार्क, नागेंद्र सकलानी पार्क, गोविंद वाटिका पार्क, गंगानगर पार्क के अलावा अकेले आवास-विकास में ही 20 पार्क हैं। ज्यादातर पार्क मरम्मत व सौंदर्यीकरण की बाट जो रहे हैं। बावजूद, नगर निगम प्रशासन की नजर इन पार्कों पर नहीं पड़ रही है।

### आठ शिकायतों का निस्तारण, दस ट्रांसफर

ऋषिकेश। स्थानीय लोगों की समस्याओं के निस्तारण को तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 18 लोग शिकायत लेकर पहुंचे। आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया है। जबकि अन्य दस शिकायतें संबंधित विभागों को ट्रांसफर कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के साथ रिपोर्ट भी पेश करने के निर्देश दिए। मंगलवार को तहसील में आयोजित कार्यक्रम में जलभराव, पेंशन, अतिक्रमण और जमीनी विवाद के मामले पहुंचे। एसडीएम में शिकायतों को सुनने के साथ ही पेंशन और राजस्व विभाग से जुड़ी आठ शिकायतों को तत्काल निस्तारण कर दिया। दस शिकायतों को उन्होंने नगर निगम व अन्य विभागों को ट्रांसफर कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि जन समस्याओं की अनदेखी को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्थानीय लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर रेंजर विक्रम सिंह रावत, एसडीओ अरविंद नेगी, एई संजय चौहान, विजय नवानी, अंजू राना, पिंकी चंद, वियज डबराल, सुनील कुमार, सुधीर सैनी, जसपाल रावत, शोभाराम जोशी अखिलेश कुमार, आशीष सिंह, सुनील कुमार, अनिल कमार, बीपी सिंह, मनीष पंवार, मनोहरलाल कपरूवान, दीपा आदि मौजूद रहे।


### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

हल्द्वानी। लालकुआं क्षेत्र में सितंबर 2022 में 12 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को स्पेशल जज पॉक्सो की अदालत ने दोषी दिया है। अदालत ने दोषी को 20 साल सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही पीड़िता को बतौर प्रतिकर चार लाख रुपये दिलाए जाने के आदेश दिए हैं। दुष्कर्म का दोषी पाया गया आरोपी 20 सितंबर 2022 से जेल में है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुनीता भट्ट ने बताया कि 19 सितंबर 2022 को लालकुआं कोतवाली में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। आरोप था बरेली जिले के थाना शेरगढ़ के ग्राम जियानगला निवासी धर्मेंद्र सागर ने किशोरी को अपनी बहन के घर में पानी पिलाने के बहाने बुलाया। इसके बाद मुंह दबाकर उससे जबरन दुष्कर्म किया। मामले में स्पेशल जज पॉक्सो सुधीर तोमर की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपी धर्मेंद्र सागर को दोषी माना। दोषी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा पीड़िता को प्रतिकर बतौर चार लाख रुपये दिलाए जाने के भी आदेश दिए हैं।

### नए भवन में जल्द शिफ्ट होगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

रुड़की। नगर पंचायत कलियर में क्षेत्रवासियों और देश के विभिन्न स्थानों से कलियर पहुंचने वाले जायरीनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बना नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया था। इस पर करीब आठ माह से ताला लटका हुआ है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट देवेश शाशनी ने कहा कि बहुत जल्द इस भवन को खोल दिया जाएगा। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ पिरान कलियर में साबिर पाक का 756 वां सालाना उर्स शुरू होने में महज दो दिन का समय शेष रह गया है।

# उत्तराखंड प्रीमियर लीग के मुकाबलों का शड्यूल हुआ जारी






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 4 सितंबर, उत्तराखंड प्रीमियर लीग (UPL) 2024 का पहला सीज़न अपने मुकाबलों के कार्यक्रम के साथ रोमांचक क्रिकेट के एक हफ्ते के लिए तैयार है। इस लीग का आयोजन 15 सितंबर से 22 सितंबर तक देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा, जिसमें शीर्ष घरेलू और IPL प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी।राज्यभर और उससे परे के प्रशंसक

**■ पहले सीज़न के लिए तैयार हुई टीमें; दर्शक स्टेडियम में और टीवी पर लाइव मैचों का आनंद ले सकते हैं**


एक हफ्ते के उच्च-स्तरीय क्रिकेट का लुत्फ उठा सकते हैं, जिसमें पांच पुरुषों की टीमें और तीन महिलाओं की टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 15 सितंबर को एक भव्य उद्घाटन समारोह और उद्घाटन मैच के साथ होगा और इस लीग का समापन 22 सितंबर को फाइनल मुकाबले के साथ होगा।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:

उद्घाटन दिवस (15 सितंबर, 2024): टूर्नामेंट का शुभारंभ एक उद्घाटन कॉन्सर्ट के साथ होगा, इसके बाद देहरादून वॉरियर्स और हरिद्वार स्प्रिंग एलमास के बीच उद्घाटन मैच खेला जाएगा।दोहरी मुकाबलेः रोज़ाना दोहरे मुकाबले होंगे, जिसमें प्रशंसकों को लगातार क्रिकेट का आनंद मिलेगा।फाइनल मैच (22 सितंबर, 2024): टूर्नामेंट का समापन फाइनल मुकाबले के साथ होगा, जहां शीर्ष दो टीमें UPL 2024 खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। लाइव देखें: मुफ्त टिकट और प्रसारण विवरण क्रिकेट को प्रशंसकों के करीब लाने की एक रोमांचक पहल के तहत, सभी मैचों को स्टेडियम में लाइव देखने के लिए प्रवेश निःशुल्क होगा। प्रशंसक बुकमाईशो पर टिकट पंजीकरण कर सकते हैं, जिसकी प्रक्रिया आने वाले दिनों में घोषित की जाएगी।जो व्यक्ति स्टेडियम में नहीं जा सकते हैं, उनके लिए UPL 2024 का सीधा प्रसारण Sony Sports Ten 2 SD, Sony Sports Ten 2 HD, और Fancode पर किया जाएगा, जिससे देशभर के क्रिकेट प्रेमी अपने घर से मैचों का आनंद ले सकते हैं।

# Instagram पर हुआ अनोखा प्यार, पत्नी और 3 बच्चे छोड़ पति ने विधवा से की शादी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 04 सितम्बर : पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली है और अब उसी के साथ रह रहा है। पुलिस ने पति और उस महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बगवाड़ा निवासी रानी ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 17 जून 2009 को मुकेश से हुई थी और उनके दो बेटे और एक बेटी हैं।

शादी के शुरुआती सालों में सब कुछ ठीक था, लेकिन कुछ सालों से मुकेश इंस्टाग्राम के माध्यम से प्रिया सागर नामक महिला के संपर्क में आ गए थे। रानी का आरोप है कि उसके पति मुकेश दिन भर इंस्टाग्राम पर प्रिया सागर से बात करते रहते थे और जब रानी ने इसका विरोध किया तो मुकेश ने उसके साथ मारपीट की।

रानी ने अपनी सास-ससुर से भी मदद मांगी, जिन्होंने मुकेश को समझाने की कोशिश की लेकिन वह प्रिया से शादी करने पर अड़े रहे। रानी का आरोप है कि मुकेश ने प्रिया से शादी कर ली और अब उसी के साथ किराए के मकान में रह रहे हैं, जबकि रानी को अपने बच्चों और बुजुर्ग सास-ससुर की देखभाल के लिए मजदूरी करनी पड़ रही है। प्रिया के पति की दस महीने पहले मृत्यु हो चुकी है, पुलिस में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राज्य कर्मचारियों को मिलेगी बैंकों में सैलरी सेविंग एकाउंट के एवज में कारपोरेट सैलरी पैकेज की सुविधा

देहरादून। राज्य सरकार के कर्मचारियों को बैंकों में सैलरी सेविंग एकाउंट के एवज में कारपोरेट सैलरी पैकेज की सुविधा मिलेगी। पैकेज के तहत उन्हें दुर्घटना बीमा, बच्चों की शिक्षा और बच्चों की शादी के लिए तमाम तरह के लाभ मिल सकेंगे। इसके लिए उन्हें अलग से प्रीमियम भी नहीं देना होगा। राज्यपाल ने इसके लिए राज्य सरकार को पांच प्रमुख बैंकों से अनुबंध करने की मंजूरी दे दी है। पिछले दिनों प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से बैंकों के साथ अनुबंध करने के लिए निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी को अधिकृत किया गया है। पहले चरण में वह स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और जिला सहकारी बैंक के साथ अनुबंध होगा। भविष्य में वित्त विभाग शासन की आवश्यकतानुसार अन्य बैंकों को भी कॉरपोरेट सेविंग बैंक सैलरी पैकेज योजना के तहत शामिल करने का निर्णय लेगा। यह योजना बैंक अपने संसाधनों से लागू करेगा और खाताधारकों के कल्याण के लिए यह पूरी तरह से निशुल्क होगी। योजना का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में राज्य का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। राज्य कर्मचारियों को अपना वेतन खाता किसी भी बैंक में खोलने या स्थानांतरित करने की छूट होगी।

ये मिलेगी सुविधाः कारपोरेट सेविंग बैंक सैलरी पैकेज योजना के तहत दुर्घटना बीमा की सुविधा मिलेगी। बच्चों की शिक्षा और उनकी शादी के लिए भी तमाम बैंक वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराएंगे। दुर्घटना बीमा सुविधा के तहत कर्मचारी की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके आश्रित को 38 लाख से एक करोड़ रुपये तक वित्तीय सहायता मिलेगी। अपंगता की स्थिति में 40 लाख से एक करोड़ रुपये देने का प्रावधान होगा। इसके अलावा, सामान्य मृत्यु की स्थिति में एक लाख से छह लाख रुपये तक का प्रावधान होगा।

## तहसील दिवस पर दर्ज हुई 15 शिकायतें

हल्द्वानी। उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन न मिलने और नगर निगम की लापरवाही से परेशान नागरिक हल्द्वानी के वानभुलपुरा क्षेत्र में गैस कनेक्शन और नागरिक सुविधाओं की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को तहसील दिवस के दौरान 14-15 मामले तहसीलदार के समक्ष दर्ज किए गए, जिनमें उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन न मिलने और नगर निगम की लापरवाही से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं।इंद्रा नगर वानभुलपुरा के निवासियों ने शिकायत की कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उन्हें गैस कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें खाना बनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उज्ज्वला योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को सस्ती दरों पर गैस कनेक्शन उपलब्ध कराना है, लेकिन यहां के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इसके अलावा, नगर निगम से जुड़ी शिकायतों में सबसे बड़ी समस्या खराब स्ट्रीट लाइटों की है। लोगों का कहना है कि ₹दिन में जलती हैं लाइटें और रात को बंद हो जाती हैं,₹ जिससे दुर्घटनाओं और अपराधों का खतरा बना रहता है।सड़कें भी बदहाल हैं, गड्ढे और टूटी पुलिया के कारण लोगों को आवागमन में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### केवि आईटीबीपी ने जीती युवा संसद प्रतियोगिता

देहरादून। केंद्रीय विद्यालय नंबर दो हाथीबड़कला में चल रही संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता मंगलवार को खत्म हो गई। दो दिन की इस प्रतियोगिता में केवि आईटीबीपी विजेता रहा। जबकि केवि ओएनजीसी की टीम दूसरे और केवि पिथौरागढ़ की टीम तीसरे स्थान पर रही। इस दौरान सांसद बने छात्रों ने देश से जुड़े ज्वलंत मुद्दे उठाए। उन्होंने जाना कि कैसे चालाना और टोल टैक्स से जमा होने वाले शुल्क का प्रयोग किया जाता है। अंतिम दिन केवि रुड़की, केवि भेल हरिद्वार और केवि हल्द्वानी के मध्य युवा संसद प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। युवा सांसदों ने पूछा एनपीएस एवं सेवानिवृत्त लोगों के लिए सरकार क्या कर रही है। देश भर की अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या काफी ज्यादा है, न्याय पाने में लोगों को काफी वक्त लगता है इसके सुधार के लिए सरकार क्या कर रही है। जवाब में सरकार ने अपनी सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही बताया, यातायात से प्राप्त शुल्क को नई सड़क बनाने में, दुर्घटना में मुआवजा देने के लिए प्रयोग कर रही है। सरकार ने अदालतों के लंबित मुकदमों के जवाब में कहा, सरकार ने 150 वर्ष पूर्व पुराने कानून को सही करने के लिए नई न्याय संहिता के तहत 177 धाराओं को बदला है। अब 511 की जगह 358 खंड होंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार, केवि संगठन देहरादून संभाग की उपायुक्त डा. सुकृति रैवानी, सहायक आयुक्त सुरजीत सिंह, प्राचार्य विजय नैथानी आदि मौजूद रहे।

### यूओयू में कुलसचिव खेमराज ने कार्यभार ग्रहण किया

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विवि में नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले डॉ. भट्ट यूओयू में सहायक कुलसचिव रहे हैं। उनके कार्यभार ग्रहण करने के बाद बीती 1 जुलाई को कुलसचिव बनाए गए एमबीपीजी कॉलेज के डॉ. संजय खत्री वापस उच्च शिक्षा विभाग में लौट गए हैं। उनकी तैनाती कहां होगी, इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नए कुलसचिव डॉ. भट्ट ने कहा कि यूओयू उनके लिए उनका अपना परिवार है। इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वह काम करेंगे। अभी तक वह श्रीदेव सुमन विवि में रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वह कुमाऊं विवि में डिप्टी रजिस्ट्रार, उत्तराखंड मुक्त विवि में सहायक कुलसचिव के पद पर भी रह चुके हैं। इस अवसर पर विवि के अकादमिक निदेशक प्रो. पीडी पंत, निवर्तमान कुलसचिव डॉ. खत्री, उप कुलसचिव नरेंद्र लाल, सहायक कुलसचिव भूपेंद्र नयाल, दीपक कुमार, विक्रांत्र कुमार, अभिषेक बाजपेई, विमल चौहान, मनमोहन त्रिपाठी, भरत नैनवाल आदि कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

### कोषाधिकारी कार्यालय में सर्वर डाउन, जीवन प्रमाण पत्र के लिए आए लोग निराश लौटे

हल्द्वानी। हल्द्वानी में तकनीकी समस्या से पेंशनधारकों को हुई परेशानी हल्द्वानी के कोषाधिकारी कार्यालय में मंगलवार को सर्वर डाउन होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आए पेंशनधारकों को निराश होकर बिना काम के ही लौटना पड़ा। तकनीकी समस्या के कारण कार्यालय में कामकाज ठप हो गया, जिससे दूर-दूर से आए लोगों को निराशा हाथ लगी। अधिकारियों ने जल्द ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन मंगलवार को कामकाज ठप ही रहा। महंन्द्र चंद्र जोशी जो की कार्यालय के सुपरवाइजर है। उन्हीने बतया की वे पूरा प्रयास करते है की किसी भी असुविधा का सामना लोगो को ना करना पड़े, पर तकनिकी समस्या उनके हाथ में नहीं है।

### रिंग रोड सर्वे में मकान, जमीन आने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी। रामपुर रोड क्षेत्र से प्रस्तावित रिंग रोड का सर्वे किसानों की जमीन के बीच से कराने से नाराज किसानों ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सहायक अभियंता हेमंत साह को ज्ञापन देकर रिंग रोड का निर्माण गांव के बीच से न कराकर जंगल किनारे से करवाने की मांग की। किसानों की भूमि से रिंग रोड बनाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। रामपुर रोड गन्ना सेंटर से लगे क्षेत्र के ग्रामीण मंगलवार को तिकोनिया स्थित लोनिवि कार्यालय पहुंचे।

# केंद्रीय गृह सचिव से मिले डीजीपी अभिनव कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली , 4 सितंबर , उत्तराखंड के *पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने केंद्रीय गृह सचिव  गोविंद मोहन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में राज्य की कानून व्यवस्था, सुरक्षा परिदृश्य, महिला सुरक्षा, और पुलिस सुधारों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदुः

भारतीय न्याय संहिता के क्रियान्वन संबंधी चुनौतियों पर चर्चा की गई

महिला सुरक्षाः राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों और इसके लिए जरूरी सहयोग पर चर्चा की गई। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए विशेष अभियान और योजनाओं की रूपरेखा पर भी बात हुई।

पुलिस सुधारः राज्य पुलिस में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों और केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग पर गहन मंथन हुआ।

साइबर अपराधः बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए राज्य की तैयारियों और इस दिशा में आवश्यक संसाधनों की जरूरत पर चर्चा की गई।

पुलिस बल का सशक्तिकरणः उत्तराखंड पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण के माध्यम से और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया।

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन राज्य की कानून व्यवस्था, विशेष रूप से महिला सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डीजीपी अभिनव कुमार ने केंद्रीय गृह सचिव को देवभूमि उत्तराखंड आने और राज्य के अधिकारियों का मार्गदर्शन करने हेतु सादर आमंत्रित किया।




# अल्मोड़ा : 18 साल के चंदन के लिए काल बनी हरियाणा की कार

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 सितम्बर : रामपुर रोड पर हुए सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्र सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था और बीती सुबह दौड़ लगाने गया था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अल्मोड़ा जिले के नौगांव भनोली निवासी 18 वर्षीय चंदन सिंह रौतेला ने हाल ही में हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था और सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे थे। चंदन पिछले एक सप्ताह से अपने दोस्त विक्की के साथ रामपुर रोड स्थित वेदबंधु विहार में किराए पर रह रहे थे। बीती सुबह जब चंदन रोज की तरह दौड़ने निकले थे, तब रामपुर रोड पर गंगू ढाबे के पास एक तेज रफ्तार हरियाणा नंबर की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार



चालक मौके से फरार हो गया।

टीपी नगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट के अनुसार चंदन के भाई आनंद सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। चंदन के पिता का पहले ही निधन हो चुका है, और घर में उनकी तीन बहनें, मां और बड़ा भाई हैं। बड़ा भाई लखनऊ की एक निजी कंपनी में काम करता है और परिवार की देखभाल करता है। चंदन का सपना था कि वह सेना में भर्ती होकर अपने भाई का साथ दे सके।

# 3200 लोगों ने ली हिमालय बचाने की शपथ कहा, जीवन का आधार है हिमालय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। हिमालय बचाव अभियान को लेकर स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ ही व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों में भारी उत्साह दिख रहा है। मंगलवार को देहरादून शहर में सात जगहों पर 3200 लोगों ने हिमालय बचाने की शपथ ली। इस दौरान हुई सभाओं में वक्ताओं ने पॉलीथिन का उपयोग बंद करने के साथ ही पौधरोपण जोर दिया। कहा कि हिमालय ना केवल एक पवर्त है, बल्कि जीवन का आधार है। इससे निकलने वाली नदियां और जलधाराओं का संरक्षण करना भी हम सब की जिम्मेदारी है।

हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ा सोशल बलूनी स्कूल : हरिद्वार बाईपास स्थित सोशल बलूनी स्कूल में एक हजार छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ ली। शिक्षक एसएस नेगी ने सभी को शपथ दिलवाई। प्रधानाचार्य पंकज नौटियाल ने हिन्दुस्तान के अभियान को सराहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने समेत ऊर्जा संरक्षण का आह्वान किया। इस दौरान शिक्षक हेमंत पांडेय, डॉ. अनामिका, नीलम शर्मा, अंजली बंगवाल आदि मौजूद रहे।

डीएवी में छात्रों के साथ एनसीसी कैडट ने ली प्रतिज्ञाः  डीएवी महाविद्यालय में हिमालय बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को छात्र-छात्राओं ने प्रतिज्ञा ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.सुनील कुमार ने प्रतिज्ञा दिलवाई। इसमें महाविद्यालय के एनीसीसी छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर एनसीसी प्रभारी मेजर अतुल सिंह, प्रो. गोपाल छेत्री, प्रो. आरके शर्मा मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स कॉलेज में भोर में गूंजी हिमालय प्रतिज्ञाः सोमवार को प्रदेशभर के कई स्कूलों में हिमालय प्रतिज्ञा हुई। सभी जगहों पर छात्र-छात्राओं में हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ने को लेकर उत्साह देखा गया। सोमवार को प्रदेशभर में सबसे पहले महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून में हिमालय प्रतिज्ञा दिलाई गई। यहां 5:30 बजे छात्र कॉलेज परिसर में जुट गए थे। प्रधानाचार्य राजेश ममगाईं ने ब्रह्म मुहुर्त में शपथ दिलाई। ममगाईं ने कहा यदि हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, तो यह सब हमारे पर्यावरण, पेड़-पौधों और हिमालय की ही देन हैं। पर्वतराज हिमालय हजारों सालों से हमें संरक्षण दे रहा है। उत्तराखंड का सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व हिमालय पर ही निर्भर है। प्रदूषण से ग्लोबल वॉर्मिंग ने आज हिमालय को ही संकट में डाल दिया है। तेजी से पिघलते ग्लेशियर इसका प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हम सजग नहीं हुए तो, भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। लिहाजा, हमे हिमालय संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने हिमालय बचाओ मुहिम के लिए हिन्दुस्तान की सराहना की।

जीजीआईसी कारगी की छात्राओं ने लिया संकल्पः  राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कारगी चौकी की 250 छात्राएं 'हिन्दुस्तान' के हिमालय बचाओ अभियान से जुड़ी। मंगलवार को सुबह प्रार्थना के समय स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि बौंठियाल ने छात्राओं को हिमालय प्रतिज्ञा दिलाई। छात्राओं ने हिमालय प्रतिज्ञा लेकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। प्रधानाचार्य बौंठियाल ने छात्राओं से कहा कि हमें केवल शपथ नहीं लेनी है, बल्कि उसे अपने जीवन में भी अपनाना है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शुरुआत हम अपने घर से कर सकते हैं। हमें कभी भी गंदगी नहीं फैलानी चाहिए। पौधरोपण की मुहिमों में शामिल होना चाहिए। सामूहिक प्रयासों से हिमालय और पर्यावरण का निश्चित रूप से संरक्षण हो सकता है।

एसजीआरआर नेहरूग्राम के छात्रों ने संस्कृत में ली शपथः  एसजीआरआर इंटर कालेज नेहरूग्राम में बच्चों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मंगलवार को हिमालय बचाओ अभियान के तहत हिमालय प्रतिज्ञा ली। इस दौरान छह सौ पच्चीस बच्चों ने शिक्षकों के साथ संस्कृत भाषा में हिमालय बचाने की शपथ ली। कालेज की प्रधानाचार्य प्रतिभा पाठक ने कहा कि हिमालय बचेगा तो ही देश और दुनिया का अस्तित्व है। बच्चे से लेकर जवान और बूढ़े तक सभी को इसे अपना धर्म समझना होगा।

महावीर जैन कन्या पाठशाला में ली शपथः महावीर जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज तिलक रोड में मंगलवार को तीन सौ छात्राओं ने हिमालय बचाने की शपथ ली। इस दौरान प्रिंसिपल डा. श्वेता सिंह ने बच्चों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हिमालय को बचाना हम सबका पहला कर्तव्य है। उसके बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिम ट्रेनर मौत मामले में पुलिस के हाथ लगे वीडियो के सबूत

रुड़की।  जिम ट्रेनर की मौत के मामले की जांच में नया मोड़ आया है। पुलिस को प्रकरण से जुड़ी एक वीडियो फुटेज मिली है। जिसमें स्कूटी पर मृतक का चाचा दिख रहा है। आसपास तीन-चार लोग भी मौजूद है। पुलिस का दावा है कि ये वीडियो महत्वपूर्ण सबूत है। 25 अगस्त को उत्तराखंड गोवंश संरक्षण स्क्वायड टीम को सोहलपुर गाड़ा निवासी जिम ट्रेनर वसीम उर्फ मोनू के संबंध में गोकशी की सूचना मिली थी। सूचना थी कि वसीम सफेद रंग की स्कूटी पर एक कट्टे में प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहा है। स्क्वायड का दावा है कि वसीम टीम को देखकर स्कूटी लेकर वहां से भागा था। अनियंत्रित होकर तभी वसीम स्कूटी से गिर पड़ा और पुलिस पकड़ से बचने के लिए तालाब में कूद गया था। कुछ मिनट बाद तालाब में डूबकर वसीम की मौत हो गई थी। जबकि मृतक के परिजनों ने दावा किया था कि वसीम की स्क्वायड टीम ने बेरहमी से पिटाई की थी। इसके बाद तालाब से अगले दिन सुबह वसीम का शव बरामद किया था।

### आरसीपी में डीजे नाइट का उद्घाटन

रुड़की। आरसीपी यूनिवर्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में मंगलवार को डीजे नाइट का रंगारंग उद्घाटन हुआ। चेयरपर्सन डॉ. अलका चौधरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. अश्विनी चौधरी, डॉ. रायन चौधरी, डॉ. सुधीर चौधरी, एमडी एनके चौधरी, डीन डॉ. राजन कोठारी, रजिस्टर डॉ. सुरेश बोहिदार आदि मौजूद रहे। इस दौरान डांस, म्यूजिक और गेम्स खेले गए। डीजे नाइट में छात्रों ने जमकर धमाल मचाया।

### सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक ने किया कस्बे में संचालित निजी अस्पतालों का निरीक्षण

रुड़की।  सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक अभिमन्यु सिंह ठाकुर ने कस्बे में संचालित निजी अस्पतालों में पहुंचकर निरीक्षण किया। कई अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन ही नहीं मिले। जिसके बाद टीम इसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अभिमन्यु ठाकुर ने बताया कि ज्यादातर अस्पतालों में डॉक्टर भी मौजूद नहीं मिले। अस्पताल में बीमारियों से संबंधित कोई सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। इसके बाद कस्बे तथा आसपास के क्षेत्र में निजी अस्पताल संचालकों में खलबली मच गई। कुछ अस्पताल संचालक तो अपने अस्पताल को बंद करके मौके से फरार हो गये। चिकित्सा अधीक्षक अभिमन्यु सिंह ने बताया कि सभी अस्पतालों की एक रिपोर्ट तैयार करके मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार को भेजे जा रही है। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी तथा इन अस्पतालों में यदि कोई सुधार नहीं किया गया तो, इनको एक माह के दौरान सीज करने की भी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि अधिकांश अस्पतालों में सुविधाओं का अभाव है। यदि अस्पताल संचालक सभी सुविधाओं से अस्पताल संचालित करेंगे। तभी उन्हें संचालित करने की अनुमति दी जाएगी।

### जहरीला पदार्थ खाने के बाद प्रेमिका से हुई शादी

रुड़की।  रुड़की सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवक का काफी समय से लंढौरा क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही बिरादरी के होने के चलते युवक प्रेमिका से शादी करने की मांग कर रहा था। युवती के परिजन सहमत नहीं थे। बताया गया है कि सोमवार शाम को युवक ने प्रेमिका के घर पहुंच कर पहले शादी की मांग की। परिजनों के नहीं मानने पर उसने प्रेमिका के परिजनों के सामने ही जहरीला पदार्थ गटक लिया। सूचना मिलने पर युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उसको रुड़की के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद युवक की हालत सामान्य होने पर दोनों पक्षों में बातचीत हुई और सहमति बनने पर दोनों की कोर्ट मैरिज करा दी गई। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है लेकिन इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली।

### युवा संसद में तीखे सवाल जवाब किए

उत्तरकाशी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है। युवा वर्ग देश ही दशा और दिश तय करता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में नैतिक मूल्यों के लिए आध्यात्म को जोड़कर विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को हासिल किया जा सकता है। प्राचार्य प्रो. पंकज पंत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विपक्ष के सांसदों ने सता पक्ष से तीखे और जन मुद्दों पर सवाल पूछे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रताप सिंह बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य संग्राली विमला, प्रधान अमिता, कविता, संयोजिका डॉ. विनीता कोहली, डॉ. लोकेश सेमवाल आदि मौजूद रहे।

### सतलुज जल विद्युत निगम मोरी को नवरत्न का दर्जा मिला

उत्तरकाशी। सतलुज जल विद्युत निगम नैटवाड़, मोरी को भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग द्वारा प्रतिष्ठित नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया है। बीते सोमवार को एसजेवीएन लिमिटेड को प्रतिष्ठित नवरत्न की उपलब्धि मिलने पर निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक सुशील शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिलकर आभार प्रकट किया।

# नशा तस्करों के खिलाफ एसएसपी अजय सिंह हुए सख्त, एसओजी टीम भंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश , 4 सितंबर , देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने ऋषिकेश पहुंचकर थाना ऋषिकेश में अपराधों की समीक्षा की और इंदिरा नगर में घटित घटना व घटना से संबंधित अभियोगो की अधीनस्थ अधिकारियों से पूर्ण जानकारी लेकर मामलों का रिव्यू किया । ऋषिकेश कोतवाली में दर्ज सभी अभियोगों का एसएसपी देहरादून द्वारा स्वयं रिव्यू लेकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हेतु एसपी देहात की क्लोज मानीटरिंग में टीम का गठन किया गया है, प्रकरण के सम्बन्ध में दर्ज सभी अभियोगों में एसएसपी देहरादून द्वारा मात्र दर्ज अभियोगों में नामजदगी के आधार पर किसी निर्दोष के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही न करने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जाँच करते हुए उपलब्ध ठोस साक्ष्यों के आधार पर ही दर्ज सभी अभियोग में विधि सम्मत कार्यवाही करने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



इसके अतिरिक्त प्रकरण के संबंध में सोशल मीडिया पर अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा लगातार की जा रही तथ्यहीन पोस्टों का संज्ञान लेते हुए एसएसपी देहरादून द्वारा सभी को संयम बरतने तथा सोशल मीडिया पर शांति व्यवस्था को बाधित करने वाली ऐसी किसी पोस्ट को न करने के अपील की गई है, साथ ही मादक पदार्थों/अवैध शराब की तस्करी से सम्बन्धित किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस या आबकारी विभाग को उपलब्ध कराते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करने हेतु अवगत कराया गया।

ऋषिकेश क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की बिक्री से सम्बन्धित सूचनाएं प्राप्त होने पर एसएसपी देहरादून द्वारा कोतवाली ऋषिकेश तथा एसओजी देहात में नियुक्त सभी कर्मचारियों/ अधिकारियों के कार्यो का रिव्यू किया गया तथा स्वच्छ एंव पारदर्शी पुलिस कार्यप्रणाली हेतु कोतवाली ऋषिकेश व थाना रायवाला में नियुक्त 37 पुलिस कर्मियों, जिनके द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही में अपेक्षानुरूप कमतर प्रदर्शन किया गया था, उन्हें एसएसपी देहरादून द्वारा जनपद के अन्यत्र थानों में स्थानान्तरित करते हुए अन्य थानों से कोतवाली ऋषिकेश में नए पुलिसकर्मियों को तैनात गया है, इसके अतिरिक्त ऋषिकेश क्षेत्र में शराब तस्करों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही न करने पर एसओजी देहात को भंग करते हुए एसओजी में नियुक्त सभी 11 पुलिस कर्मियों को एसओजी देहरादून में सम्बद्ध किया गया है।

पुलिस द्वारा ऋषिकेश क्षेत्र में सक्रिय सभी शराब तस्करों की कुण्डलियां तैयार की जा रही हैं, जिनके विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाएगी। अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए ऋषिकेश पुलिस द्वारा विगत 08 माह के दौरान लगभग हर दूसरे दिन एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस दौरान पुलिस द्वारा कुल 113 अभियोग पंजीकृत करते हुए 111 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

# शिक्षक दिवस पर सभी विद्यालयों में आयोजित हों कार्यक्रमः डॉ. धन सिंह रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रदेशभर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में आगामी 5 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों तथा विद्यालय स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा प्रत्येक विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक के योगदान पर परिचर्चा की जायेगी। इस संबंद्ध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।



सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस को भव्य रूप से मनाया जायेगा। जिस हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी विद्यालयों में भाषण, चित्रकला, गायन व वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित गोष्ठियां आयोजित कर शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक के योगदान पर परिचर्चा की जायेगी। जिसमें छात्र-छात्राओं की भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायेगी।

इस दौरान छात्र-छात्राओं को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में बताया जायेगा, जिनके जन्मदिवस को पूरा देश राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है। विभागीय मंत्री ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अभिभावक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा, साथ ही अपने-अपने विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी समारोह में सम्मानित किया जायेगा। डॉ. रावत ने बताया कि समाज में शिक्षक की भूमिक महत्वपूर्ण होती है। वह जीवन में होने वाली चुनौतियों से लड़ना सिखाते हैं और भविष्य के बेहतर निर्माण के लिए प्रेरणा देते हैं।

# ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का अल्मोड़ा पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने बीते दिनों चौखुटिया में हुए ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने राकेश जोशी के हत्यारोपी खीम सिंह को गिरफ्तार किया है। अल्मोड़ा एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि 23 अगस्त की रात करीब 11 बजे आरोपी खीम सिंह अपने कमरे में पहुंचा तो वहां मृतक राकेश जोशी आरोपी के बिस्तर पर सो रहा था जिसे उसने उठने के लिए कहा तो राकेश उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा तथा उसके गाल में दो थप्पड़ मार दिए। जिससे गुस्से में आकर आरोपी बाहर से पत्थर लाकर राकेश जोशी के सिर व चेहरे पर मारा तो वह उसके कमरे से भागकर सड़क पर चला गया और सिर पकड़कर बीच सड़क में बैठ गया। जिसके बाद आरोपी ने वहां उसके चेहरे एवं सिर पर पत्थर से कई वार किये। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने आरोपी खीम सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल, खून से सनी कमीज और हत्या प्रयुक्त पत्थर गौशाला से बरामद किया। बीती 24 अगस्त की सुबह चौखुटिया थाना क्षेत्र के ग्राम गाजा बसकन्या के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क पर पड़ा हुआ मिला। राकेश की हत्या के बाद गुस्साए लोग हत्यारों के पकड़े जाने तक शव का अंतिम संस्कार न करने देने पर अड़ गए थे, बाद में थानध्यक्ष सतीश कापड़ी व अन्य लोगों के समझाने पर जनता किसी तरह से मान गई। 25 अगस्त को तहरीर के आधार पर चौखुटिया थाना में तत्काल अज्ञात के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

एसएसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह शराब पीने का आदी है, मेहनत मजदूरी कर उससे जो पैसे मिलते है, शराब में उड़ा देता है। पत्नी व बच्चे भी साथ नहीं रहते हैं। एसएसपी ने बताया कि इस ब्लाइंड मर्डर में पुलिस के लिए आरोपी तक पहुंचना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। सीओ विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष चौखुटिया सतीश चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में अलग–अलग 5 टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटना की गहनता से जांच शुरू की गई। घटनास्थल के आसपास व बाजार क्षेत्र में करीब 50-60 सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया। ठोस सुरागरसी पतारसी कर सर्विलांस की मदद से जानकारी जुटाई गई तथा इस दौरान करीब 100 व्यक्तियों से पूछताछ की गई। एसएसपी ने बताया कि उन्होंने स्वयं हत्या के खुलासे के लिए गठित की गई टीमों के प्रत्येक दिन की कार्यवाही की समीक्षा की। आरोपी को पकड़े जाने की भनक लग गयी थी, जो घटना के दिन से ही फरार चल रहा था। दिन-रात पुलिस टीमों के संयुक्त अथक प्रयासों तथा एसओजी टीम द्वारा दी गई लीड के आधार पर 2 सितंबर को आरोपी खीम सिंह (40 वर्ष) पुत्र स्व। प्रताप सिंह, निवासी ग्राम गाजा बसकन्या थाना चौखुटिया को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। जहां पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया। जिसके बाद हत्याकांड में प्रयुक्त पत्थर, वारदात को अंजाम देते वक्त पहनी खून लगी कमीज, मृतक का मोबाइल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### कामकाजी महिलाओं को गौरा शक्ति की दी जानकारी

अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों एवं गाँव में जाकर छात्र-छात्राओं व स्थानीय व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर वृहद जनजागरुकता अभियान चलाने व स्पा सेन्टर, ब्यूटीपार्लर, होटल, रिसोर्ट आदि में चैकिंग कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने, साथ ही सत्यापन अभियान चलाने व महिला सुरक्षा के लिए मददगार उत्तराखंड पुलिस एप के गौरा शक्ति के बारे में जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन कराने आदि के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देशों के क्रम में बीते सोमवार को सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष महिला थाना अल्मोड़ा मीना आर्या के नेतृत्व में 'एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम' द्वारा अल्मोड़ा कस्बा क्षेत्र में विशाल मेगा मार्ट व आरसीएम मॉल में कार्यरत महिला कर्मियों को सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन व डायल 112, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1090, गौरा शक्ति एप, नए कानूनों आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही उत्तराखंड पुलिस एप गौरा शक्ति एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और रजिस्ट्रेशन करवाकर गौरा शक्ति की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई।

### बाहरी क्षेत्र से आए व्यापारियों के सत्यापन की एसएसपी से की मांग

अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा से भाजपा व विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अवगत कराया कि अल्मोड़ा नगर उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ माह से छेड़खानी, चोरी व आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो रही है। जिस कारण क्षेत्र का सामाजिक व सांस्कृतिक माहौल खराब हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा वृहद सत्यापन अभियान चलाने की आवश्यकता है। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लोहनी ने कहा कि बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद महिलाओं के साथ हो रही है अभद्रता व छेड़खानी की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि बाहरी क्षेत्र से व्यापार हेतु आए हुए व्यापारियों का सत्यापन किया जाये। भाजपा जिला महामंत्री देवाशीष नेगी ने कहा कि नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्त लगाई जाए, जिससे अपराधिक घटनाओं को रोका जा सके। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी ने कहा कि बढ़ते हुए डेमोग्राफिक चेंज को देखते हुए वृहद सत्यापन की आवश्यकता है। जिससे पर्वतीय क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित न हो। यहाँ मुलाकात करने वालों में नगर महामंत्री अर्जुन बिष्ट, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, नगर मंत्री दिशांत पवार, जगमोहन बिष्ट, भानु अधिकारी, प्रकाश लोहनी, जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, गोविंद सिंह कंवल जिला कोषाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, भोपाल सिंह मेहता, मुकेश सिंह बिष्ट, धीरज, धनंजय जोशी, सौरव पांडे आदि शामिल रहे।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का फूंका पुतला

अल्मोड़ा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने सोबन सिंह जीना परिसर अल्मोड़ा में एकत्रित होकर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों मे महिलाओं, बेटियों के साथ हो रही घटनाओं पर प्रदेश सरकार का पुतला फूंक सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने इन घटनाओं में शामिल सल्ट भाजपा नेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग करते हुए सरकार के मुखिया से इस्तीफा मांगा। एनएसयूआई कार्यकर्ता अमित बिष्ट ने कहा प्रदेशभर में भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ शर्मनाक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसी घटनाओं के बाद प्रदेश में हमारी बहन, बेटियां सुरक्षित नहीं है। ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध यदि सख्त से सख्त कार्यवाही नहीं की गई तो एनएसयूआई प्रदेशभर में आन्दोलन करने के लिए बाध्य होगी। पुतला दहन में जिलाध्यक्ष संजू सिह, हर्षित दुर्गापाल, प्रदीप बिष्ट, कार्तिक, अमन लटवाल, शिवम पंत, गौरव सतवाल, दीक्षा, आदित्य, हर्षित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक सम्पन्न

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वित्त समिति की द्वितीय बैठक इतिहास विभाग के सभागार में कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर सचिव उच्च शिक्षा डॉ आशीष श्रीवास्तव ऑनलाइन रूप से उपस्थित रहे और विश्वविद्यालय के लिए गठित वित्त समिति के सदस्य रूप में मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी, उपनिदेशक उच्चशिक्षा प्रो आर एस भाकुनी, कुलसचिव डॉ डी एस बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक डॉ नंदन सिंह बिष्ट, सदस्य सचिव/वित्त अधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सतपाल सिंह बिष्ट ने सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में सदस्य सचिव अमित कुमार त्रिपाठी द्वारा विश्वविद्यालय एवं उसके परिसरों से प्राप्त वित्त संबंधित विषयों को पटल समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# उत्तराखंड : शौर्य और अभिनव ने जर्मनी में बढ़ाया देवभूमि का मान, पदक पर साधा निशाना



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 04 सितम्बर : जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में रुड़की के अभिनव देशवाल और शौर्य सैनी ने रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम गर्व से ऊँचा किया है। जर्मनी के हनोवर शहर में चल रही अंतरराष्ट्रीय डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में रुड़की के शौर्य सैनी और अभिनव देशवाल ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शौर्य सैनी ने एयर राइफल शूटिंग में रजत पदक और अभिनव देशवाल ने एयर पिस्टल शूटिंग में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

यह चैंपियनशिप 28 अगस्त से शुरू हुई थी और 8 सितंबर तक चलेगी। शौर्य सैनी एलडीएवी मैदान के पास और अभिनव देशवाल मंगलौर रोड पर रहते हैं, इन दोनों ने अपनी-अपनी श्रेणियों में रजत पदक प्राप्त किया। अब वे 25 और 50 मीटर एयर राइफल शूटिंग में भाग लेंगे। उनकी इस सफलता से उनके परिवार और शहरवासियों में खुशी की लहर है और अब सभी को गोल्ड मेडल की उम्मीद है।

## संपादकीय

# बुलडोजर नहीं चलेगा

हालांकि यह कानून की स्थिति है, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका उल्लंघन हो रहा है। हम अवैध निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं। कोई व्यक्ति, किसी भी केस में, आरोपित है अथवा सजायाफ्ता भी हो सकता है, किसी का बेटा अडियल या अपराधी हो सकता है, लेकिन किसी भी सूरत में बुलडोजर चला कर उसका घर नहीं गिराया जा सकता। यह लोकतांत्रिक नहीं, मध्यकालीन, कबिलाई इंसाफ है। घर किसी के भी मानवाधिकार से जुड़ा है। यह मौलिक अधिकार भी है। आप 'न्याय' के नाम पर किसी का आशियाना नहीं छीन सकते। घर में आरोपी या अपराधी के अतिरिक्त और भी परिजन रहते हैं। वे अचानक सडक़ पर क्यों आएं? उन्होंने तो कोई अपराध नहीं किया। यह अपराध और दंड की किसी भी परिभाषा में नहीं है कि अपराधी के साथ-साथ उसके घरवाले भी सजा भुगतें। यदि निर्माण अवैध है, तो कानूनन कार्रवाई की जानी चाहिए। घर का ध्वस्त करना बिल्कुल भी कानूनन कार्रवाई नहीं है। अब समय आ गया है कि बुलडोजर एक्शन के मद्देनजर दिशा-निर्देश तय किए जाएं, जो देश भर में प्रभावी और लागू हों।'' सर्वोच्च अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विश्वनाथन ने 'बुलडोजर न्याय' पर सुनवाई के दौरान जो महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं, यह उनका ही सारांश है। न्यायाधीश प्रथमद्रष्ट्या बुलडोजर चला कर घर, मकान, संपत्तियां ढहा देने की सरकारी कार्रवाई को 'कानूनसम्मत' नहीं मानते। यह शुरुआती फैसले की बुनियादी सोच है और इसके जरिए शीर्ष अदालत ने 'बुलडोजर न्याय' पर हथौड़ा मारा है। अदालत में सुनवाई जारी है और आगामी तारीख 17 सितंबर है। न्यायिक पीठ ने सभी पक्षों के सुझाव मांगे हैं, ताकि अखिल भारतीय दिशा-निर्देश तय किए जा सकें। दरअसल भारत में 'बुलडोजर कार्रवाई' की शुरुआत उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। 2017 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने बुलडोजर को कानून-व्यवस्था के साथ जोड़ दिया, ताकि अपराधी और माफिया खौफ खा सकें। योगी ने कुछ कुख्यात माफियाजनों के घरों, मकानों, संपत्तियों पर बुलडोजर चलवा कर उन्हें 'मलबा' बना दिया। यह कार्रवाई करते हुए एक 'विशेष समुदाय' को ज्यादातर निशाना बनाया गया, लिहाजा 'जमीयत उलेमा-ए हिंद' ने सर्वोच्च अदालत में याचिका देकर इसी बिंदु पर जोर दिया कि अधिकतर मुसलमानों को निशाना बनाया गया है और यह 'विध्वंसकारी प्रक्रिया' अब भी जारी है। 'बुलडोजर न्याय' का मप्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 2018 में, राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने और महाराष्ट्र की 'महाविकास अघाड़ी' की उद्धव ठाकरे सरकार ने इस्तेमाल किया। उप्र के अलावा गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, असम और मप्र की भाजपा शासित सरकारें भी खूब बुलडोजर चलवा रही हैं। आश्चर्य है कि भारत सरकार को इन कवायदों में कुछ भी 'अमानवीय' नहीं लगा और न ही कोई निर्देश दिए गए कि ऐसा करना गैर-कानूनी है। 2020 और 2022 के बीच 12,640 कथित अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलवाए गए हैं। अब तो यह आंकड़ा और भी बहुत बढ़ गया होगा। दिल्ली में जूस की एक दुकान से लेकर राजस्थान के टेम्पो ड्राइवर तक और मप्र में बोझ लादने या उतारने वाले मजदूर तक के संदर्भ में बुलडोजर चले हैं और संपत्तियां ढहाई गई हैं। बीते अगस्त में ही राजस्थान के उदयपुर में दो बच्चों की चाकूबाजी हो गई। उसमें 10वीं में पढने वाले आरोपित बच्चे के घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## कोसी नदी के बहाव में बहे 02 लोग, एक की मौत

अल्मोड़ा। सोमेश्वर थाना क्षेत्र में कोसी नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक व्यक्ति को बचा लिया गया। मृतक का शव पीएम को भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नदी पार कर रहे 02 व्यक्तियों में से एक की नदी में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार दोपहर सोमेश्वर थाने में सूचना मिली कि दो व्यक्ति कोसी नदी में डूब गए हैं। सूचना पर सोमेश्वर थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह मय पुलिस बल आपदा उपकरण लेकर मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर एक व्यक्ति नदी का पत्थर पकड़ा हुआ मिला और वहीं दूसरा व्यक्ति नदी में अचेत अवस्था में डूबा मिला। जनता एवं पुलिस कर्मियों के सहयोग दोनों व्यक्तियों को नदी से निकाला गया। डूबे व्यक्ति की पहचान महेंद्र राम (35 वर्ष) पुत्र देव राम निवासी ग्राम ओकाली सोमेश्वर के रूप में हुई और दूसरे की पहचान अमर बहादुर पुत्र दल बहादुर निवासी ग्राम चिनगड़ा गाओ, जिला सुरखेत, नेपाल हाल निवासी दडमियां सोमेश्वर के रूप में हुई। दोनों को पुलिस द्वारा निजी वाहन से सरकारी अस्पताल सोमेश्वर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा महेंद्र राम को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद अस्पताल में मृतक के परिजन पहुँच गए। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति कोसी नदी को पार कर गांव की ओर जा रहे थे तेज़ बहाव में संभल नहीं पाए। पुलिस द्वारा पंचायत नामे की कार्यवाही कर मृतक के शव को पीएम हेतु भेजा जा रहा है। वहीं अमर बहादुर को प्राथमिक उपचार देकर घर भेजा गया है।

## अगस्त्यमुनि को नगर पालिका बनाने की कार्यवाही जारीः मुख्यमंत्री

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग के अगस्तमुनि में आयोजित रक्षाबंधन जन-मिलन कार्यकम एवं ऊखीमठ में जनता मिलन कार्यक्रम संबोधन के दौरान की गई घोषणा के तहत विजयनगर-पठालीधार मोटर मार्ग में 01 कि०मी० में क्षतिग्रस्त लगभग 150 मीटर भाग का सुरक्षात्मक कार्योपरान्त पुनर्निर्माण किये जाने का कार्य लोक निर्माण विभाग को तथा मणज में आईटी खोलने हेतु तकनीकी शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। नगर पंचायत अगस्त्यमुनि को नगर पालिका बनाये जाने की कार्यवाही शहरी विकास विभाग द्वारा की जाएगी, तुंगनाथ महोत्सव मक्कू को जिला स्तरीय मेला घोषित किये जाने हेतु संस्कृति विभाग को निर्देशित किया गया है, मयाली वसुकेदार गुप्तकाशी मोटर मार्ग का चौड़ीकरण एवं हाट मिक्स कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जाने, गुप्तकाशी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का कार्य चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जाने, घोड़े खच्चरों की अचानक मृत्यु होने पर दाह किये जाने हेतु अथवा दफनाये जाने की व्यवस्था पशुपालन विभाग द्वारा किये जाने तथा महर्षि अगस्त्यमुनि जी के मंदिर का सौन्दर्यीकरण धर्मस्व विभाग द्वारा किये जाने की सहमति मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान की गई है।

## पीसीएस चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान

देहरादून। पीसीएस फाइनल परीक्षा के बाद चयनित तीन अभ्यर्थियों का मंगलवार को द एकलव्य आईएएस अकादमी में सम्मान किया गया। एकेडमी के निदेशक एसएस रौतेला ने बताया कि उनके छात्र आदित्य तिवारी का डिप्टी एसपी,संतोष का राज्य कर अधिकारी और अनुष्का का बीडीओ में चयन हुआ है।

## एलआईसी कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

देहरादून। एलआईसी बीमा सप्ताह के तहत मंगलवार को मंडल कार्यालय नेहरू कॉलोनी में वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कैलाश अस्पताल के डाक्टरों ने कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान स्लोगन और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर आरएस चौहान, यादवेंद्र सिंह, एपीएस तोमर, असित जैन, राजेश बब्बर, राकेश लखेड़ा, नीरज शर्मा, राकेश चंद्रा, अनुज डिमरी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुनस्यारी के हेमराज ने 6400 मीटर ऊंची कांग यात्से चोटी पर फहराया तिरंगा

पिथौरागढ़। जिले के मुनस्यारी निवासी पर्वतारोही हेमराज सिंह पांगती ने 15 दिन के भीतर लेह लद्दाख स्थित 6400 मीटर ऊंची चोटी कांग यात्से पर सफलतापूर्वक आरोहण कर तिरंगा फहराते हुए सीमांत का नाम रोशन किया है। इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अभियान शुरू किया गया। हेमराज ने लद्दाख की कांग यात्से चोटी के अलावा 6250 मीटर ऊंची माउंट कांग यात्से के साथ ही हिमाचल स्थित 6111 मीटर ऊंची माउंट युनाम चोटी फतह की है। वह प्रदेश के युवाओं के समूह हिमालयन शेफर्ड के सदस्य होने के साथ ही प्रसिद्ध पर्वतारोही, स्कियर और फोटोग्राफर हैं। उनकी इस उपलब्धि से मुनस्यारी में खुशी की लहर है।

### बाइक सवार दो युवकों ने बुजुर्ग महिला से सोने की चेन लूटी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

पिथौरागढ़। नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में लगातार हो रही आपराधिक वारदातों के बीच मुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग महिला से सोने की चेन लूटने की घटना सामने आई है। पूरे मामले में पुलिस मामला दर्ज पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। एक हफ्ते के भीतर मुखानी थाना क्षेत्र में यह दूसरी घटना है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना मंगलवार सुबह 6:30 बजे कालिका कॉलोनी से ओम शांति केंद्र ब्लॉक की ओर जा रही धनुली देवी के साथ घटी। पीड़ित महिला ने बताया कि कठधरिया की ओर से आ रहे दो बाइक सवार युवकों ने लक्ष्मी मैरिज गार्डन के पास पीछे से धक्का देकर उनके गले से 2.5 तोले की सोने की चेन छीन ली और ऊंचापुल की ओर भाग गए। बुजुर्ग महिला ने उनका पीछा भी किया लेकिन वह भाग खड़े हुए। चेन लूटने के दौरान महिला सड़क पर गिरने से भी बच गई।

घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने अपने परिवार और पुलिस को सूचित किया। पुलिस अब इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके और उन्हें पकड़ा जा सके। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा कि इसी सप्ताह रात में घर के बाहर टहल रही महिला की भी चेन लूट की गई थी। लेकिन अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। ऐसे में अपराधियों ने दूसरी घटना देकर पुलिस को चुनौती दी है।

### नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं फर्जीवाड़ा मामले में दायर याचिका पर हुई सुनवाई

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं में टेंडर प्रक्रिया के दौरान हुई गड़बड़ियों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से यह बताने को कहा कि 2023 में टेंडर को लेकर कुमाऊं कमिश्नर ने जांच करके जो रिपोर्ट शासन को भेजी थी, उस पर अभी तक सरकार ने क्या एक्शन लिया, उस पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने की। टेंडर प्रक्रिया में नियमावली का नहीं हुआ पालनः मामले के अनुसार निविदाकर्ता देवभूमि ट्रेडर्स ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं द्वारा अन्य वर्षों की भांति संघ की गतिविधियां जैसे दही मटका, स्टेशनरी, मैन पावर और एल्युमिनियम केन सहित कई अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई करने के लिए टेंडर निकाला गया, लेकिन संघ ने टेंडर प्रक्रिया में नियमावली का पालन नहीं किया। ई टेंडर होना आवश्यकः नियमावली के अनुसार ई टेंडर भी होना आवश्यक था, जो नहीं हुआ। साल 2023 में भी संघ ने अपने चेहतों को टेंडर में शामिल करने के लिए बड़ी गड़बड़ियां की। संघ ने 2023 में जब टेंडर निकाला था, उसमें तीन विडर थे। तीनों ही निविदाकर्ताओं ने एक बैंक, एक एकाउंट और एक ही लिफाफे में अपनी निविदा संघ को भेजी थी, जो निविदा की नियमावली के खिलाफ है। सामाजिक कार्यकर्ता भुवन पोखरिया ने दायर की थी याचिकाः कोर्ट ने इसी प्रकरण से संबंधित नरेंद्र सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता भुवन पोखरिया की जनहित याचिका पर भी सुनवाई की। राज्य सरकार ने पोखरिया की जनहित याचिका पर रिपोर्ट पेश की। खंडपीठ ने पोखरिया से कहा कि सरकार ने जो एक्शन कमिश्नर की रिपोर्ट पर लिया है, इस पर आप अपने सुझावों के साथ अपना जवाब पेश करें।

### तीन नई नगर पंचायतों में नए मतदाता बनाने को चलेगा अभियान

देहरादून। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नवसृजित तीन नगर पंचायत गुप्तकाशी, नंदानगर घाट और मुनस्यारी के लिए निर्वाचन नामावली के लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत वोटर लिस्ट का पुनरीक्षण और नए वोटर बनाने का काम किया जाएगा। इसके लिए घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इससे पूर्व सरकार की ओर से 91 निकायों में वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। पुनरीक्षण का यह कार्य नौ सितंबर से शुरू होगा। 12 सितंबर को इस कार्य में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 13 से 27 सितंबर के बीच से कर्मचारी घर-घर जाकर वोटर गणना और सर्वेक्षण का कार्य करेंगे। 28 से 30 सितंबर के बीच प्रारूप नामावली तैयार की जाएगी। इसके बाद निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन, दावे, आपत्ति, निस्तारण आदि का कार्य 31 अक्तूबर तक पूरा किया जाएगा। जबकि आठ नवंबर तक जनसामान्य के लिए वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### स्कूल में चार साल की मासूम बच्ची के साथ रेप, तीन छात्रों को पुलिस ने संरक्षण में लिया

रुद्रपुर। उधमसिंह नगर जिले के सितारगंज कोतवाली क्षेत्र में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी स्कूल के तीन विधि विवादितों पर लगा है। पुलिस ने बच्ची की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं तीनों विधि विवादितों किशोर को अपने संरक्षण में ले लिया है। पुलिस को दी तहरीर में बच्ची की मां ने बताया कि उसकी चार साल की बच्ची बिना एडमिशन के ही पास के स्कूल में पढ़ने जाती है। रोजाना की तरह सोमवार दो सितंबर को भी वो स्कूल गई थी। आरोप है कि इसी दौरान वहां पढ़ने वाले तीन विधि विवादित किशोर जिनकी उम्र 9 साल, 11 साल और 14 साल है, उन्होंने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि बच्ची सोमवार को रोती हुई स्कूली से घर आई थी। मां ने जब रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने पूरी जानकारी दी। इसके बाद महिला सितारगंज कोतवाली पहुंची और तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और तीनों नाबालिको को संरक्षण में ले लिए है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि नाबालिक से दुष्कर्म के सूचना मिली थी। पीड़िता की तहरीर पर तीन विधि विवादित किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीनों को संरक्षण में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने जागर उत्सव में किया प्रीतम भरतवाण का सम्मान






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 4 सितंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जागर लोक संस्कृति उत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सचिदानन्द सेमवाल द्वारा लिखित पुस्तक ''उत्तराखण्ड का लोक पुत्र प्रीतम भरतवाण'' का विमोचन करते हुए उन्हें उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति का ब्राण्ड एम्बेसडर बताया। उन्होंने कहा कि पद्मश्री प्रीतम भरतवाण ने देवभूमि की पवित्र लोकपरम्पराओं एवं लोक संस्कृति को विश्व में पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने ऐसे आयोजनों को राज्य की प्राचीन समृद्ध लोक संस्कृति का उत्सव बताते हुए कहा कि जागर को उत्तराखण्ड की संस्कृति में देवताओं के आह्वान का भी माध्यम माना गया है।

मुख्यमंत्री ने जागर एकेडमी के माध्यम से युवाओं को इस विधा से जोडने के लिये प्रीतम भरतवाण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जागर एवं ढोल वादन हमारी सांस्कृतिक पहचान है। यह हमें अपनी विरासत की गहराई से जोडती है। अपनी लोक संस्कृति की इस समृद्ध विधा को युवा पीढी के साथ पीढी दर पीढी आगे बढाने के प्रयासों से हमारे युवा इस परम्परा को आगे बढाने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राज्य की लोककला, लोक संस्कृति की समृद्धि के लिये निरन्तर प्रयासरत है। नवोदित व उदीयमान प्रतिभावान साहित्यकारों को भी सम्मान दिये जाने की परम्परा शुरू की गई है। लोक कलाकारों की सूची तैयार कर उन्हें प्रोत्साहित कर सहायता प्रदान की जा रही है। कोरोना काल में 3200 लोक कलाकारों को पैकेज के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान करने का कार्य किया गया है। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोक कलाकारों को 03 हजार रू0 मासिक पेंशन दी जा रही है। पौराणिक मेलों को उनके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिये भी मदद दी जा रही है।

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रीतम भरतवाण को जागर संस्कृति का प्रतीक तथा लोक संस्कृति का संवाहक बताते हुए विश्व में लोक संस्कृति को पहचान दिलाने वाला बताया, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रीतम भरतवाण ने जागर एवं ढोल संस्कृति को विश्व तक पहुंचाने का कार्य किया। मुख्य सचिव राधा रतूडी ने उनके प्रयासों को युवा पीढी को अपनी संस्कृति से जोडने का माध्यम बताया। पूर्व डीजीपी अनिल रतुडी तथा साहित्यकार सोमवारी लाल उनियाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पुस्तक के लेखक सच्चिदानंद सेमवाल ने पुस्तक की विषय वस्तु की जानकारी दी। पद्मश्री प्रीतम भरतवाण ने मुख्यमंत्री सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यकत किया।

# मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिस्ट संविदा चिकित्सकों का बढ़ा वेतन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्य सरकार ने प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा के माध्यम से तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। नये वेतनमान के निर्धारण से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में अब सुपर स्पेशियलिटी एवं रेडियोलॉजी विभागों में फैकल्टी की कमी नहीं रहेगी। सरकार ने मैदानी एवं पर्वतीय क्षेत्रों के लिये सुपर स्पेशलिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट के वेतनमान का पुनर्निर्धारण किया है। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेजों में संविदा पर तैनात सुपर स्पेशियलिटी एवं रेडियोलॉजी विभागों की फैकल्टी के वेतनमान का पुनर्निर्धारण कर बढ़ोत्तरी की है। जिससे पर्वतीय क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों में आ रही फैकल्टी की कमी को दूर किया जा सकेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि पुनर्निर्धारित वेतनमान के तहत कार्डियोलाजी, नेफ्रोलाजी, न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी एवं रेडियोलॉजी विभाग में तैनात सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को बढ़ा हुआ वेतनमान दिया जायेगा। जिसके तहत मैदानी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में तैनात प्रोफेसर को अधिकतम 4 लाख रूपये, एसोसिएसट प्रोफेसर को 3 लाख 20 हजार, असिस्टेंट प्रोफेसर को 2 लाख 20 हजार व सीनियर रेजीडेंट को 1 लाख 50 हजार रुपये का मानदेय निर्धारित किया गया है। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रोफेसर को रूपये 5 लाख , एसोसिएट प्रोफेसर को 4 लाख, असिस्टेंट प्रोफेसर को 3 लाख व सीनियर रेजीडेंट को 2 लाख रुपये तक का अधिकतम मानदेय दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि संविदा के आधार पर तैनात फैकल्टी के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर मानदेय में प्रतिवर्ष वृद्धि का भी प्रावधान रखा गया है। जिसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सीनियर रेजिडेंट के मानदेय में उत्तम कार्य प्रदर्शन के आधार पर 10 प्रतिशत तथा एसोसिएट एवं प्रोफसर के मानदेय में 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की जायेगी। इसके अलावा संविदा पर तैनात फैकल्टी को आयुष्मान भारत, अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना तथा राज्य सरकार के स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राजकीय चिकित्सालयों द्वारा अर्जित क्लेम की धनराशि में से भी प्रावधान के अुनसार प्रोत्साहन राशि का भी भुगतान किया जायेगा।

किसी भी संविदा फैकल्टी के सदस्यों को नौकरी छोडने अथवा इस्तीफा देने से तीन माह पूर्व कॉलेज प्रशासन को नोटिस देना होगा। डॉ. रावत ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी संकाय सदस्यों के मानदेय के पुनर्निर्धारण से विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में आ रही फैकल्टी की कमी को दूर किया जा सकेगा साथ ही यहां अध्ययनरत मेडिकल छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन निर्बाध रूप से चल सकेगा।

## न्याय के देवता हैं गोलज्यू महाराज : डॉ. शैलेंद्र

हरिद्वार। अपनी धरोहर संस्था ने नवंबर में होने वाली गोल्ज्यू संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर मेला नियंत्रण कक्ष में बैठक की। इसमें प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ ही यात्रा की समिति ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र, प्रांत कारवाह दिनेश सेमवाल, यू कास्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने भारत माता के चित्र के सामने दीप जलाकरकर किया। इस अवसर पर प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने संस्था की वेबसाइट लॉन्च की। साथ ही यात्रा का पोस्टर विमोचन किया। उन्होंने कहा कि अपनी धरोहर संस्था के द्वारा एक अद्भुत और सांस्कृतिक विरासत को आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जो कि अत्यंत सराहनीय है।

## डकैती कांड में एनसीआर से लेकर हरियाणा तक छापे

हरिद्वार। श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम डकैती कांड के खुलासे के लिए हाथ पांव पटक रही पुलिस टीमों ने दिल्ली एनसीआर, पंजाब से लेकर हरियाणा में डेरा डाला हुआ है। पुलिस टीमों का फोकस वारदात को अंजाम देने के आरोपियों को चिन्हित करने पर है। इधर, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में कई टीमें जुटी हुई हैं। चंद्राचार्य चौक से थोड़ी दूरी पर रविवार को दूरी पर श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में हथियारबंद बदमाशों ने करोड़ों की डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देकर दोपहिया वाहन पर सवार आरोपी फरार हो गए थे।

## एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

अल्मोड़ा। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति (भूतपूर्व) बी एस वर्मा उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा शहरी निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण की कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में आयोग के अध्यक्ष द्वारा संदर्भित प्रकरण में शहरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श एवं शहरी स्थानीयों निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों व अन्य हितबद्ध जन सामान्य के साथ जनसुनवाई की। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान बैठक में पहुंचे जिले के हितबद्ध नागरिकों के सुझाव लिए गए एवं उनके सुझावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर निकायों के आरक्षण आदि के पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

## मोतीचूर रेलवे स्टेशन मार्ग पर स्थापित होगी हाई मास्क लाईट

हरिद्वार। नगर निगम की ओर से मोतीचूर रेलवे स्टेशन मार्ग पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। इसको लेकर अधिकारियों, कार्यदायी ठेकेदार ने निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी और इलाके के लोगों के साथ स्थान का चिन्हिकरण किया। अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि उन्होंने दिसम्बरमें हाई मास्ट लाइट लगाने का प्रस्ताव पास करा दिया था। आचार संहिता के चलते कार्य बाधित हो गया था। कहा कि हाई मास्ट लाइट के साथ ही मिनी हाई मास्क लाइटें भी लगवाई जाएंगी।

## कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हत्या का मुकदमा पक्ष और विपक्ष में लड़ा

हरिद्वार। पंडित पूर्णानंद तिवारी लॉ कॉलेज में एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रा-छात्राओं ने मंगलवार को मूट कोर्ट का आयोजन किया। इस कोर्ट में सरकार बनाम रतन आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या का मुकदमा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में लड़ा गया। छात्र - छात्राओं ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की तरफ से दलीलें पेश की।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड के क्रिकेटरों को पढ़ाया एंटी डोपिंग का पाठ

देहरादून। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने उत्तराखंड के क्रिकेटरों को एंटी डोपिंग का पाठ पढ़ाया। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों के लिए दून में डोपिंग रोधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवाओं, कैमिकल्स आदि की जानकारी दी गई। क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव महिम वर्मा ने बताया कि क्रिकेट के घरेलू सीजन से पहले नाडा की ओर से यह कार्यशाला आयोजित की जाती है। देहरादून में सोमवार को यह विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञों की ओर से डोपिंग रोधी नियमों की बारीकी से जानकारी दी गई। उन्होंने खेलों में डोपिंग के दुष्परिणामों, डोपिंग रोधी कानून के बारे में बताया। वर्मा ने बताया कि प्रत्येक खिलाड़ी को डोपिंग टेस्ट पास करना अनिवार्य होता है। डोप टेस्ट में फेल होने पर खिलाड़ियों के लिए कई कानूनी नियम है। उन्हें प्रतिबंध से भी गुजरना पड़ता है। वर्मा ने बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) की ओर से यह कार्यशाला करवाई गई थी। प्रत्येक वर्ष बीसीसीआई के घरेलू सीजन से पहले नाडा की कार्यशाला आयोजित होती है।

### शिक्षाविद गार्डनर को लीजेंड्स इन एजुकेशन अवार्ड

देहरादून। पूर्व विधायक और सेंट थॉमस कॉलेज के प्रिंसिपल आरवी गार्डनर को लीजेंड्स इन एजुकेशन का पुरस्कार दिया गया है। गुरुग्राम में आयोजित एक समारोह में में एजुकेशन टुडे की ओर से उन्हें ये सम्मान दिया गया। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम करने के लिए ये सम्मान मिला है। सेंट थॉमस कॉलेज का स्टाफ और छात्र उनके इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हैं।

### सफाई वाहनों के गंदगी फैलाने पर ग्रामीणों ने चेताया

देहरादून। नगर निगम से कूड़ा उठान के लिए अनुबंधित कंपनियों के वाहन कारगी डंपिंग साइट से लेकर सेलाकुई शीशमबाड़ा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तक गंदगी फैला रहे हैं। वाहनों में गीले कूड़े से पानी रिसकर सड़कों पर बहने से आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस लापरवाही को लेकर नाराज कुछ ग्रामीण निगम के प्लांट पहुंच गए। उन्होंने सख्त हिदायत दी है कि यदि तत्काल व्यवस्था नहीं सुधरी तो नगर निगम को भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। उधर प्रतिबंधित इलाकों का कूड़ा प्लांट पहुंचने से यहां भारी मात्रा में कूड़ा जमा होता जा रहा है। प्लांट का संचालन कर रही कंपनी ने पत्र के माध्यम से निगम प्रबंधन को स्थिति से अवगत करवाया है। उधर बदहाल व्यवस्था को लेकर मॉनीटरिंग कर रही एजेंसी की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कंपनियों को सख्त हिदायत दी है कि कूड़ा ट्रांसपोर्ट करने के दौरान यदि लापरवाही बरती गई तो सख्त कार्रवाई होगी।

### व्यवसायिक सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित होना जरूरी

देहरादून। उत्तरांचल विश्वविद्यालय के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर ने व्यावसायिक सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण पर मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान इंडो जर्मन ब्रेक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विपुल डावर ने रणनीतिक लक्ष्य-निर्धारण के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने छात्रों के साथ चर्चा में भाग लिया।डावर ने एमसीए और बीटेक सीएसई कार्यक्रमों के 73 छात्रों को एस एंड एस थिंक हब के साथ तकनीकी इंटर्नशिप के सफल समापन को स्वीकार करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।इस कार्यक्रम में उत्तरांचल विश्वविद्यालय के सलाहकार सौरव बडोनी, सीआरसी के निदेशक अरुण गोदियाल, संकेत कुमार,आशीष जुगरान, दीपक जुगरान और रचित रस्तोगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### एसडीआईएमटी संस्थान ने मनाया 16वां स्थापना दिवस मनाया

हरिद्वार। स्वामी दर्शनानन्द इंस्टिट्यूट ऑफ मैंनेजमेंट एण्ड टैक्नोलाजी (एसडीआईएमटी) ने अपना 16वां स्थापना दिवस हवन पूजन के साथ मनाया। संस्थान में गुरुकुलीय परंपरानुसार हेमंत तिवारी ने हवन की महत्ता एवं संस्थान की स्थापना के प्रकाश डाला। बताया कि इस संस्थान की स्थापना आज ही के दिन 3 सितम्बर 2009 को की गयी हैं।